Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द


# नैनी सैनी हवाई पट्टी से कब होगी शुरू हवाई सेवा

**इंतजार**

## सरकार यदि करे कंपनी का भुगतान तो शुरू हो सकती है विमान सेवा

निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।



पिथौरागढ़। जिले की नैनी सैनी में चलने वाली हैरीटेज एविएशन का नौ सीटर विमान जब बाइस मार्च को उतरा था तो रनवे में फिसल गया था। बता दे कि उसमें सवार यात्री हादसे का शिकार होने से बच गये थे। वहीं लाकडाउन के चलते विमान लंबे समय तक पट्टी पर ही पड़ा रहा था। ऐसे हालातों में जिले में विमान सेवा पूरी तरह से बंद हो चुकी थी।

वही देश में अब कई सेवायें शुरू हो चुकी है। आलम यह है कि जिले के नैनी सैनी पट्टी पर अब तक हवाई सेवा शुरू न हो पाने के कारण जिले के लोग मायूस हो गए है। जिले में आखिर कब तक विमान सेवा भविष्य में भी शुरू हो पायेगी या नही यह संशय अभी भी बरकरार चल रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हैरीटेज विमान में आई खराबी को दूर कर दिया गया है और विमान को पिथौरागढ़ से देहरादून को भेजे हुए तीन साल से उपर तक का समय हो चुका है। नैनी सैनी हवाई पट्टी से अब हवाई सेवा कब प्रारम्भ होगी इसका जवाब फिलहाल किसी के पास मौजूद नजर नही आ रहा है।

पेज थ्री को मिली जानकारी के मुताबिक उड़ान योजना के तहत कम किराए पर विमान सेवा देने वाली हैरीटेज एविएशन को सरकार से मिलने वाली धनराशि नही मिली है। हाल ही में जिले में बीते दिनों एविएशन के मालिक जिला मुख्यालय आए थे। वही अब इसका मामला राज्य सरकार के पास है।

बता दें कि यदि राज्य सरकार कंपनी को तय समय पर भुगतान कर देती है तो जिले में पुनः विमान सेवा हर हाल में शुरू हो सकेगी। वही जिले के प्रशासन को इस बारे मे अभी तक कोई खासा जानकारी नही मिल पाई है कि विमान सेवा जिले में आखिरकार कब तक शुरू हो सकेगी।

दूसरी ओर जिले के लोगों द्वारा हवाई सेवा के लिए बीस सीटर विमान उड़ाये जाने की मांग और भी तेजी से उठने लगी है। जिले के लोगो का साफ–साफ कहना है कि सेवा देने वाला विमान नया होना चाहिए। जिले के लोगों को उम्मीद है कि शायद जल्द जिले में विमान सेवा शुरू हो जाए।

## न्यूज डायरी

### डीजी शिक्षा ने छात्रों के साथ भोजन कर किया पीएम पोषण योजना का अनुश्रवण

**संवाददाता** देहरादून। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा द्वारा कई विद्यालयों का अनुश्रवण किया गया। इस मौके पर रा0उ0प्रा0वि0 रायपुर में महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा द्वारा पी0एम0 पोषण का अनुश्रवण किया गया एवं छात्र–छात्राओं के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया गया। पी0एम0 पोषण के अन्तर्गत भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक थी एवं भोजन मानकानुसार तैयार किया गया था। इस विद्यालय में 39 नामांकित छात्र–छात्राओं के सापेक्ष 20 छात्र–छात्राएं उपस्थित थी। महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा द्वारा विद्यालय में छात्र नामांकन संख्या में वृद्धि करने हेतु प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को निर्देशित किया गया। महानिदेशक, विद्यालयी शिक्षा द्वारा सोमवार को मनाये जा रहे राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों को टेबलेट खिलाकर किया गया।

### नरेंद्रनगर महाविद्यालय में पोस्टर, निबंध व क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**संवाददाता** देहरादून/नरेंद्रनगर। राजकीय महाविद्यालय नरेंद्रनगर में वाणिज्य संकाय के द्वारा विभागीय परिषद के अंतर्गत पोस्टर, निबंध, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीकॉम प्रथम द्वितीय तृतीय वर्ष एवं एमकॉम प्रथम तथा तृतीय सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन डॉक्टर सोनिया गंभीर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन डॉ हिमांशु जोशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर सोनिया गंभीर के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर यूसी मैठानी ने प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। अंत में विभाग के प्रभारी डॉक्टर राजपाल सिंह रावत के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य, संकाय शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं का आभार व्यक्त किया गया।

### अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में पीजी डिप्लोमा इन डेवलपमेंट लीडरशिप के लिए प्रवेश प्रारंभ

**संवाददाता** देहरादून। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी, बेंगलुरु ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेवलपमेंट लीडरशिप प्रोग्राम के लिए प्रवेश प्रारंभ कर दिया है। 11 माह के अंश–कालिक डिप्लोमा प्रोग्राम की रूपरेखा इस तरह तैयार की गई है कि प्रतिभागी इस पाठ्यक्रम में नामांकन कराने के साथ अपना मौजूदा कार्य और रोजगार जारी रख सकते हैं। यह तीन अवधियों का ऑन–कैंपस और ऑनलाइन लर्निंग का मिलाजुला प्रोग्राम है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई 2022 रखी गई है। लिखित निर्दिष्ट कार्य एवं साक्षात्कार जून से जुलाई माह व कक्षाओं की शुरुआत 2 जनवरी 2023 से की जाएगी। यह प्रोग्राम डेवलपमेंट सेक्टर में आठ या अधिक वर्षों का अनुभव रखने वाले मध्य से वरिष्ठ स्तर के प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किया गया है।

## कानून व्यवस्था को लेकर राज्यपाल से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमण्डल ने प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र यादव, प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के संयुक्त नेतृत्व में राज्यपाल से राजभवन में मुलाकात कर राज्य में बिगडती कानून व्यवस्था पर चिंता प्रकट करते हुए उन्हें ज्ञापन प्रेषित किया। प्रदेश कांग्रेस महासचिव संगठन एवं वरिष्ठ प्रवक्ता मथुरादत्त जोशी ने बताया कि राज्यपाल को सौंपे एक ज्ञापन में कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने राज्य की बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था, महिलाओं व नाबालिग बच्चियों के विरूद्ध हो रही हिंसा, बलात्कार व जघन्य हत्याओं की घटनाओं को लेकर चिंता प्रकट करते हुए हस्तक्षेप का आग्रह किया। कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि भ्रष्टाचार और भयमुक्त सरकार के अपने वायदे पर अमल करने में सरकार पूरी तरह नाकाम रही है। राज्य सरकार के मात्र एक माह के अल्प कार्यकाल में राज्य में हत्या, चोरी, डकैती, मासूमों से बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है। राज्य में लगातार घट रही इन घटनाओं से गिरती कानून व्यवस्था उजागर होने के साथ–साथ राज्य की अस्मिता पर भी चोट पंहुची है। राज्य की जनता में भय का वातावरण व्याप्त है तथा आमजन विषेशकर महिलाएं अपने को असुरक्षित महसूस कर रही हैं।

प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की लापरवाही के कारण घटित घटना से लोगों में भय का माहौल व्याप्त है।




## महाराज ने किया गढ़वाली गीत के वीडियो 'चंदना' का विमोचन

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड की प्रसिद्ध गायिका बीना बोरा द्वारा गाये गये गढ़वाली गीत वीडियो चंदना का विमोचन किया। प्रदेश के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायत राज, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को अपने मुनिरिस्पिल रोड़ स्थित आवास पर उत्तराखंड की प्रसिद्ध गायिका बीना बोरा द्वारा गाये गये गढ़वाली गीत का एक बेहद सुंदर वीडियो चंदना का विमोचन किया। उन्होंने वीडियो के निर्माण से संबंधित सभी लोगों को इसके लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह इसी प्रकार गीतों का फिल्मांकन और प्रस्तुतिकरण कर देश–विदेश में देवभूमि की संस्कृति तथा कला का लगातार प्रचार–प्रसार करते रहें। इस मौके पर गढ़वाली गीत वीडियो चंदना की निर्मात्री दर्शनी रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष भट्ट एवं समाज सेवी बचन सिंह रावत मौजूद थे।

## उत्तराखंड के जंगलों में आग रुकने का नहीं ले रही नाम

**संवाददाता** बागेश्वर। उत्तराखंड के जंगलों में आग रुकने का नाम नहीं ले रही है। बागेश्वर में डीएफओ कार्यालय तक आग पहुंच गई। वन विभाग कार्यालय से सटा जंगल भी जलकर खाक हो गया। इसके कारण रोपे गए नए पौधे भी जलकर खाक हो गए हैं। वहीं गरुड़ के अंणा के वनों की आग अब काबू पर है। पर पिछले एक सप्ताह से वन लगातार जलने से गर्मी भी बढ़ने लगी है। साथ ही पूरे इलाके में धुंए का गुबार है।



वैसे तो जिले के अधिकतर जंगल जल रहे हैं, लेकिन बीते रविवार की रात प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय के पीछे का जंगल भी आग की चपेट में आ गया। आग ने पूरे जंगल को घेर लिया। लोगों ने इंटरनेट मीडिया तथा अन्य माध्यम से वन विभाग को इसकी सूचना दी।

सूचना के बाद वन कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। इसके अलावा अणों के जंगल में लगी आग को वन कर्मियों ने बुझा दिया है। जंगल जलने से गर्मी में इजाफा होने लगा है। पिछले दिनों बारिश के बाद जंगल की आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया था, लेकिन शनिवार की रात से एक बार फिर जंगल धधकने लगे। आग के रिहायसी इलाके में आने का भी खतरा बढ़ने लगा। जिले में अब तक करीब 80 हेक्टेयर जंगल जल गए हैं। रेंजर एसएस करायत ने बताया कि जंगल की आग पर वन कर्मी बराबर नजर बनाए हुए हैं। जहां से भी आग लगने की सूचना आ रही है वहां जाकर आग को बुझाया जा रहा है। साथ ही जंगल को आग लगाने वालों पर भी नजर बनी हुई है।

जंगल की नमी सूखने से आग तेजी से फैलती जा रही है। आग से कई हेक्टेयर में लगे बांज, बुरांश, फल्याट, खटिक आदि के पेड़ और छोटे पौधे राख हो गए हैं।

## शहीद दुर्गामल्ल महाविद्यालय में छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

**संवाददाता** डोईवाला। शहीद दुर्गामल्ल राजकीय स्नात्तोकोत्तर महाविद्यालय में संस्कृत विभाग द्वारा विभागीय परिषदीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने बढ़–चढ़कर प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं प्रियंका शाह ने द्वितीय स्थान व शिखा तथा अंजली गौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रियंका शाह ने प्रथम ,अंजली गौर ने द्वितीय तथा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रियंका शाह ने प्रथम ,अंजली गौर ने द्वितीय तथा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही पोस्टर प्रतियोगिता में शिखा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ,अंजली गौर ने द्वितीय,प्रियंका व रेणुका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में डॉ नीलू कुमारी, डॉ उषा रानी नेगी, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ रेखा नौटियाल तथा डॉ प्रवीण मैठाणी शामिल हुए।